# कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

दिनांक- 02-05-2025

**विषय:-** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा "संवाद कार्यक्रम" में मुख्य आरक्षी उन्नत कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला मुख्य आरक्षियों के साथ किया गया संवाद।

- पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला मुख्य आरक्षियों से "संवाद कार्यक्रम" कर, प्रशिक्षण के संदर्भ में दिये महत्वपूर्ण निर्देश।
- प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 265 महिला मुख्य आरक्षी पुलिस लाइन्स में 30 दिवस "मुख्य आरक्षी उन्नत कोर्स" का प्राप्त कर रही हैं प्रशिक्षण।
- संवाद के दौरान मिशन-शक्ति, महिला हेल्प-डेस्क, जीरो-एफआईआर, फॉरेंसिक साक्ष्य, सीसीटीएनएस व विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों का संक्षिप्त जानकारी प्रदान कर इसके महत्व के बारे में दी गयी जानकारी।
- थाना परिसर में आने वाले पीड़ितों व आगंतुकों का पहला संपर्क हेल्प-डेस्क/कार्यालय में तैनात महिला पुलिसकर्मियों से होता है। पीड़ितों व आगंतुकों के साथ संवेदनशीलता, विनम्रता और सहयोग की भावना से पेश आये ताकि आमजनमानस में उनके व्यवहार व कार्यशैली की हो सराहाना।
- पुलिस सेवा के दौरान गरीब, असहाय और आमजनमानस के प्रति न्यायपूर्ण व सहयोगात्मक कार्यवाही न केवल पीड़ितों की मदद करना है, बल्कि आप पुलिसकर्मियों को भी आत्मसंतोष व गर्व का अनुभव कराता है।
- प्रशिक्षण कर रहे मुख्य आरक्षियों को अनुशासन व वर्दी में उच्चकोटि का प्रर्दशन व अपना आचरण नये भर्ती पुलिसकर्मियों के लिए बने प्रेरणा स्त्रोत हेतु प्रेरित किया गया।

- **प्रशिक्षण अवधि के दौरान महिला मुख्य आरक्षियों को वाराणसी के विभिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करायें जाने हेतु दिये गये निर्देश।**
- **महिला मुख्य आरक्षियों को आउटडोर प्रशिक्षण में फूटबॉल, बॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि गेम्स कराये जायें व प्रतियोगिता कराकर प्रथम तीन स्थान पर आने वाले को पुरस्कृत किये जाने का दिया गया निर्देश।**

आज दिनांक 02.05.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा "**संवाद-कार्यक्रम**" के तहत रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट वाराणसी में मुख्य आरक्षी उन्नत कोर्स का 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला मुख्य आरक्षियों से संवाद स्थापित कर, प्रशिक्षण के दौरान दी गयी सुविधाओं व प्रशिक्षण के संदर्भ में फीडबैक प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा महिला मुख्य आरक्षियों को प्रशिक्षण कोर्स के तहत नये आपराधिक कानून, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध आदि के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर, मिशन-शक्ति, थानों पर स्थापित महिला हेल्प-डेस्क, साइबर हेल्प-डेस्क, फॉरेंसिक साक्ष्य, सीसीटीएनएस, जीरो-एफआईआर एवं विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों का संक्षिप्त ज्ञान व उनके महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में जानकारी दी गयी। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्रशिक्षण हेतु आयी महिला मुख्य आरक्षियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान वाराणसी के विभिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक पर्यटन स्थलों के भ्रमण व उनके विषय में संक्षिप्त जानकारी दिये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। महिला मुख्य आरक्षियों के उज्जल भविष्य के दृष्टिगत अनुशासन व रूचि लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बताया गया जो मुख्य आरक्षी के महत्वपूर्ण पद पर कार्य करने में लाभदायक परिणाम देगा। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय व कानून-व्यवस्था) श्री एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त (लाइन्स) श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (लाइन्स) श्रीमती श्रुती श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त (लाइन्स) डॉ0 ईशान सोनी व सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षु) सुश्री नताशा गोयल व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस आयुक्त,**
**वाराणसी।**